www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**UGC NET Paper 2 June 30, 2013 Shift 1 Political Science Question Paper**

# PAPER-II
# POLITICAL SCIENCE

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________
   (Name) __________________________
2. (Signature) __________________________
   (Name) __________________________

**J 0 2 1 3**

OMR Sheet No. : .............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

Time : 1 $^1/_4$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** | Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# PAPER-II
# POLITICAL SCIENCE

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________

   (Name) ___________________________

2. (Signature) ___________________________

   (Name) ___________________________

**J 0 2 1 3**

OMR Sheet No. : ..............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.___________________________

(In words)

Time : 1 1/4 hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# POLITICAL SCIENCE
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** What constitutes the mean in Aristotle's social structure ?
(A) Wealthy class
(B) Poor citizen
(C) Middle class
(D) Artisan class

**2.** Whom did Machiavelli blame for the moral degradation of Italy ?
(A) The Prince
(B) The Church
(C) The Aristocracy
(D) Corrupt People

**3.** For Hegel which one of the following is correct ?
(A) Family is the thesis, Bourgeois society is the anti-thesis and the State represents synthesis.
(B) The rational is real and the real is rational.
(C) Contradictions are not obstacles preventing us reaching truth.
(D) All of the above

**4.** Who among the following criticised Bentham's Philosophy as "Pig Philosophy" ?
(A) Leslie Stephen (B) Karl Marx
(C) Carlyle (D) J.S. Mill

**5.** Which of the following is correct so far as John Rawls' writings are concerned ?
(A) A theory of Justice
(B) Political Liberalism
(C) The Law of Peoples
(D) All of the above

**6.** Which one of the following Mao has not said ?
(A) Political power grows out of barrel of gun.
(B) Three years of hard work : ten thousand years of happiness.
(C) Atom bombs are real tigers.
(D) A revolution is not a dinner party.

**7.** Which one among the following statements is true ?
(A) Behaviouralism is based on Stimulus-Response paradigm.
(B) Post-behaviouralism consists of seven tenets.
(C) Post-behaviouralism wholly negates behaviouralism.
(D) There are no differences between behaviourism and behaviouralism.

**8.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Karl Marx termed early socialists as Utopian socialists.

**Reason (R) :** They attacked the capitalist system itself.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the right explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false but (R) is true.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# राजनीति विज्ञान

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** अरस्तू द्वारा प्रतिपादित सामाजिक ढाँचे/संरचना में से कौन सा वर्ग औसत (मीन) निर्मित करता है ?

(A) धनी वर्ग

(B) गरीब नागरिक

(C) मध्य वर्ग

(D) कारीगर वर्ग

**2.** इटली के नैतिक अपकर्ष के लिए मैकियावली ने किसे दोष दिया ?

(A) राजकुमार

(B) चर्च

(C) अभिजात तंत्र

(D) भ्रष्ट लोग

**3.** हीगेल के लिए निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) परिवार वाद है, बुर्जुआ समाज प्रतिवाद है और राज्य संवाद है ।

(B) जो मुक्तिमूलक है वह वास्तविक है तथा जो वास्तविक है वह मुक्तिमूलक है ।

(C) अंतर्विरोध सत्य की प्राप्ति में बाधा उत्पन्न नहीं करते ।

(D) उपर्युक्त सभी ।

**4.** निम्नलिखित में से किसने बेंथम के दर्शन की आलोचना "पिग फिलॉसफी" कह कर की है ?

(A) लेस्ली स्टीफेन (B) कार्ल मार्क्स

(C) कारलाइल (D) जे.एस. मिल

**5.** जॉन रॉल की कृतियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) दि थियरी ऑफ जस्टिस

(B) पॉलिटिकल लिबरलिज्म

(C) दि लॉ ऑफ पीपुल

(D) उपर्युक्त सभी

**6.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन माओ का नहीं है ?

(A) राजनीतिक शक्ति बंदूक की नली से उपजती है ।

(B) कठोर परिश्रम के तीन वर्ष : खुशियों के दस हजार वर्ष ।

(C) अणु बम वास्तविक शेर है ।

(D) क्रांति एक रात्रिभोज आयोजन नहीं है ।

**7.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) बिहेवियरलिज़्म उद्दीपक-अनुक्रिया रूपावली पर आधारित है ।

(B) पोस्ट बिहेवियरलिज़्म के सात सिद्धांत हैं ।

(C) पोस्ट बिहेवियरलिज़्म, बिहेवियरलिज्म का पूर्णतया खण्डन करता है ।

(D) बिहेवियरिज्म तथा बिहेवियरलिज़्म में कोई अंतर नहीं है ।

**8.** नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A)** : कार्ल मार्क्स ने आरंभिक समाजवादियों को कल्पनालोकी समाजवादी कहा है ।

**कारण (R)** : उन्होंने पूँजीवादी व्यवस्था की ही आलोचना की ।

**कूट :**

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** Identify the correct sequence of the Plato's four components of virtue :

(i) Justice
(ii) Courage
(iii) Temperance
(iv) Wisdom

Select the correct answer from the codes given below :

(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (ii), (iii), (iv), (i)
(C) (iv), (ii), (iii), (i)
(D) (iii), (ii), (i), (iv)

**10.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Savarkar | i. Associated with a secret society "Lotus and Daggers." |
| b. M.N. Roy | ii. Author of the book A Plea for Reconstruction of Indian Polity |
| c. Aurobindo Ghose | iii. Convicted in the Kanpur conspiracy case |
| d. Jayaprakash Narayan | iv. Hinduize all politics and militarize Hinduism |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | i | ii |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | ii | i | iii | iv |
| (D) | i | ii | iv | iii |

**11.** Notion of uneven development was a response to the 19th century ideas of

(A) Capitalism
(B) Evolution and gradualism
(C) Positivism
(D) Anarchism

**12.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (Dependency Theorists)** | **List – II (Books)** |
|---|---|
| a. Samir Amin | i. Dependency and Development |
| b. A.G. Frank | ii. Accumulation on a world scale |
| c. F. Henrique cardoso | iii. Capitalism and under development in Latin America |
| d. Paul Swezey | iv. Monopoly Capital |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | iii | ii |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | i | ii | iv | iii |
| (D) | ii | iii | i | iv |

**13.** Who among the following is associated with Institutional Approach ?

(A) James Bryce
(B) Merriam
(C) Arthur Bentley
(D) Lasswell

**14.** Who among the following challenged the idea of political development as an unilinear process ?

(A) Shils
(B) Huntington
(C) Almond
(D) Halpren

**9.** प्लेटो द्वारा चर्चित सद्गुण के चार संघटकों का सही क्रम बतलाइए :

(i) न्याय (जस्टिस)
(ii) साहस (करेज)
(iii) संयम (टेंपेरेंस)
(iv) बुद्धिमानी (विजडम)

नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर चुनिए :

(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (ii), (iii), (iv), (i)
(C) (iv), (ii), (iii), (i)
(D) (iii), (ii), (i), (iv)

**10.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. सावरकर | i. "लोटस एण्ड डैगर्स" नामक गुप्त संस्था से संबद्ध |
| b. एम.एन. राय | ii. ए प्ली फॉर रिकंस्ट्रक्शन ऑफ इंडियन पॉलिटी शीर्षक पुस्तक का लेखक |
| c. अरविंदो घोष | iii. कानपुर षड्यंत्र मुकदमे में दण्डित |
| d. जयप्रकाश नारायण | iv. समस्त राजनीति का हिंदुकरण तथा हिंदू धर्म का सैन्यकरण |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | i | ii |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | ii | i | iii | iv |
| (D) | i | ii | iv | iii |

**11.** उन्नीसवीं शताब्दी के निम्नलिखित में से किसके विचारों की प्रतिक्रिया में असम विकास की धारणा का उद्भव हुआ ?

(A) पूँजीवाद
(B) क्रमविकास और क्रमवाद
(C) प्रत्यक्षवाद
(D) अराजकतावाद

**12.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I (निर्भरता सिद्धांतवादी)** | **सूची – II (पुस्तकें)** |
|---|---|
| a. समीर अमीन | i. डिपेंडेंसी एण्ड डेवलपमेंट |
| b. ए.जी. फ्रैंक | ii. एक्युमुलेशन ऑन ए वर्ल्ड स्केल |
| c. एफ. हेनरिक कार्डोसो | iii. कैपिटलिज्म एंड अंडर-डेवलपमेंट इन लैटिन अमेरिका |
| d. पॉल स्वेजी | iv. मोनोपोली कैपिटल |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | iii | ii |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | i | ii | iv | iii |
| (D) | ii | iii | i | iv |

**13.** निम्नलिखित में से कौन संवैधानिक उपागम से संबंधित है ?

(A) जेम्स ब्राइस
(B) मेरियम
(C) आर्थर बेंटले
(D) लॉस्वेल

**14.** एकल रेखीय प्रक्रिया के रूप में राजनीतिक विकास के विचार को चुनौती देने वाला निम्नलिखित में से कौन था ?

(A) शिल्स
(B) हंटिंग्टन
(C) आल्मंड
(D) हाल्प्रेन

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** Which of the following pairs are not correctly matched ?

| List – I (Thinkers) | | List – II (Concepts) |
|---|---|---|
| i. Easton | – | Regulatory mechanisms |
| ii. Deutsch | – | Modernising oligarchy |
| iii. Shils | – | Structural differentiation |
| iv. Lucian Pye | – | Negative Feedback |

Select the correct answer from the codes given below :

(A) ii and iii (B) i and ii
(C) i, iii and iv (D) ii, iii and iv

**16.** What is 'Cultural Dualism" ?

(A) The existence of two religious cultures.
(B) Newly emerging nations have two languages.
(C) A small elite is modernized while the vast majority remains in rigid ascriptive patterns of tradition.
(D) It is separation of the sacred from the secular.

**17.** Identify the correct sequence of the following input functions of Almond's Political System :

(i) Interest aggregation
(ii) Interest articulation
(iii) Political socialisation and recruitment
(iv) Political communication

Select the correct answer from the codes given below :

(A) (ii), (iii), (i) and (iv)
(B) (iii), (ii), (i) and (iv)
(C) (iii), (i), (ii) and (iv)
(D) (i), (ii), (iii) and (iv)

**18.** The classical theory of administration is also known as

(A) Locational theory
(B) Historical theory
(C) Mechanistic theory
(D) Human Relations theory

**19.** Pareto's description of elites as 'speculators' and 'rentiers' resembles the characterisation of governing cliques of

(A) Plato (B) Aristotle
(C) Machiavelli (D) Marx

**20.** The difference between order and disorder is more important than the difference between communism and liberal democracy is advocated by

(A) Lipset (B) Lijphart
(C) Dahl (D) Huntington

**21.** Which of the following statements are not correct ?

I. As per the provisions of the Constitution, the Council of Ministers is both collectively and individually responsible to the Lok Sabha.
II. A motion expressing lack of confidence in an individual minister is not admissible.
III. A no-confidence motion must set out the grounds on which it is based.
IV. If a no-confidence motion is passed by the Lok Sabha, the Council of Ministers is bound to resign.

Select the correct answer from the codes given below :

(A) I and II (B) I and III
(C) I, II and III (D) II and III

**15.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही रूप में सुमेलित नहीं है ?

| **सूची – I (चिंतक)** | | **सूची – II (विचार)** |
|---|---|---|
| i. ईस्टन | – | नियामक क्रियाविधि |
| ii. डायच | – | अल्पतंत्र का आधुनिकीकरण |
| iii. शिल्स | – | संरचनात्मक विभेदीकरण |
| iv. लूसियन पाई | – | नकारात्मक प्रतिपुष्टि |

नीचे दिए गए कोड में से सही उत्तर चुनिए :

(A) ii तथा iii
(B) i तथा ii
(C) i, iii तथा iv
(D) ii, iii तथा iv

**16.** 'सांस्कृतिक द्वैतवाद' क्या है ?

(A) दो धार्मिक संस्कृतियों का अस्तित्व में होना ।
(B) नव-स्थापित राष्ट्रों की दो भाषाएँ होती हैं ।
(C) अभिजात लोगों का एक आधुनिकीकृत वर्ग होता है, जबकि अधिकांश लोग कठोर परंपरागत ढाँचें में जकड़े होते हैं ।
(D) यह धार्मिक तथा धर्म-निरपेक्ष के बीच पार्थक्य है ।

**17.** ऑल्मण्ड द्वारा प्रतिपादित राजनीतिक व्यवस्था के निम्नलिखित आगत कार्यों का सही अनुक्रम पहचानिए :

(i) हित समूहीकरण
(ii) हित सुस्पष्टीकरण
(iii) राजनीतिक समाजीकरण तथा भर्ती
(iv) राजनीतिक सम्प्रेषण

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

(A) (ii), (iii), (i) तथा (iv)
(B) (iii), (ii), (i) तथा (iv)
(C) (iii), (i), (ii) तथा (iv)
(D) (i), (ii), (iii) तथा (iv)

**18.** प्रशासन के शास्त्रीय सिद्धांत को ______ भी कहा जाता है ।

(A) अवस्थिति सिद्धांत
(B) ऐतिहासिक सिद्धांत
(C) यंत्रवादी सिद्धांत
(D) मानव संबंध सिद्धांत

**19.** अभिजात वर्ग का 'स्पेकुलेटर्स' और 'रेंटियर्स' के रूप में पैरेटो द्वारा किया गया वर्णन, निम्नलिखित में से किसके द्वारा वर्णित शासनात्मक गुट के अभिलक्षणों से मिलता-जुलता है ?

(A) प्लेटो
(B) अरस्तू
(C) मैकियावली
(D) मार्क्स

**20.** साम्यवाद तथा उदारवादी लोकतंत्र के बीच अंतर की अपेक्षा व्यवस्था और अव्यवस्था के बीच अंतर अधिक महत्त्वपूर्ण है - इसका पक्षधर कौन था ?

(A) लिप्सेट
(B) लाइफार्ट
(C) डाह्ल
(D) हंटिंग्टन

**21.** निम्नलिखित में से कौन से वक्तव्य सही नहीं हैं ?

I. संविधान के प्रावधानों के अनुसार, मंत्रिपरिषद् सामूहिक तथा व्यक्तिगत दोनों रूप में लोकसभा के प्रति जवाबदेह है ।
II. किसी मंत्री-विशेष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होता ।
III. अविश्वास प्रस्ताव में उन कारणों का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए जिन पर अविश्वास प्रस्ताव आधारित है ।
IV. यदि कोई अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा द्वारा पारित कर दिया जाता है तो मंत्रिपरिषद को त्यागपत्र देना होगा ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

(A) I तथा II
(B) I तथा III
(C) I, II तथा III
(D) II तथा III

22. The Avadi Session of the Congress (1956) accepted the policy of
(A) Cooperative Farming
(B) Import Substitution
(C) Garibi Hatao
(D) Socialistic pattern of society

23. What was the main findings of the Union Government administrative committee headed by Home Secretary N.N. Vohra in 1993 ?
(A) Electoral Reforms
(B) Minimum qualification for politicians
(C) Nexus between politicians, criminals and bureaucrats.
(D) Internal security priorities

24. Partha Chatterjee has commented that the latest phase of the globalization of capital will witness an emerging opposition between
(A) Modernity and Democracy
(B) Feudalism and Democracy
(C) Inclusion and Democracy
(D) Elitism and Mass cultures

25. The President can make a proclamation of Financial Emergency under Art. 360
(A) for the whole of India or any part of India
(B) for the whole of India except Nagaland, Tripura, Manipur, Meghalaya, Mizoram and Arunachal Pradesh
(C) for the whole of India except Jammu and Kashmir
(D) for the whole of India except Andaman and Nicobar Islands

26. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).
**Assertion (A) :** The secular ideology of the Indian State appears to be paradox in view of the deeply religious orientation of the Indian society.
**Reason (R) :** India's secularism was invented for integrating the multicultural plurality of the society into a common nation-state as well as for containing potentialities of the imperial 'divide and rule' and Muslim Leagues' 'two-nation' theory in British India.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (R) is true but (A) is false.

27. Dharamsala model of Indian capitalism was propounded by
(A) Dandekar and Rath
(B) Arjun Sengupta
(C) Raj Krishna
(D) Amartya Sen

28. The 1963 Kamraj Plan was initiated by Nehru
(A) to revive Congress party commitments
(B) to attract the youth to the party
(C) to plan and execute succession procedure in the party
(D) to plan gender parity in the party

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** काँग्रेस के आवडी अधिवेशन (1956) में किससे संबंधित नीति को स्वीकार किया गया ?

(A) सहकारी कृषि

(B) आयात विकल्प

(C) गरीबी हटाओ

(D) समाज का समाजवादी ढाँचा

**23.** गृह सचिव एन.एन. वोहरा की अध्यक्षता वाली भारत सरकार की प्रशासनिक समिति (1993) ने क्या निष्कर्ष निकाला था ?

(A) चुनाव सुधार

(B) राजनीतिज्ञों के लिए न्यूनतम योग्यता

(C) राजनीतिज्ञों, अपराधियों तथा नौकरशाहों के बीच साँठ-गाँठ

(D) आंतरिक सुरक्षा संबंधी प्राथमिकताएँ

**24.** पार्थो चटर्जी के लेखन के अनुसार पूँजी के वैश्वीकरण की नवीनतम अवस्था में किनके बीच विरोध नजर आएगा ?

(A) आधुनिकता तथा लोकतंत्र

(B) सामन्तवाद तथा लोकतंत्र

(C) समावेशन तथा लोकतंत्र

(D) अभिजनवाद तथा जन-संस्कृतियाँ

**25.** अनुच्छेद 360 के अंतर्गत राष्ट्रपति वित्तीय आपातकाल उद्घोषित कर सकते हैं

(A) सम्पूर्ण भारत या भारत के किसी भाग के लिए ।

(B) नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम तथा अरुणाचल प्रदेश को छोड़कर सम्पूर्ण भारत के लिए ।

(C) जम्मू और काश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत के लिए ।

(D) अंडमान निकोबार द्वीप समूह को छोड़कर सम्पूर्ण भारत के लिए ।

**26.** नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A)** : भारतीय समाज के तीव्र धार्मिक अभिमुखीकरण के दृष्टिकोण से, भारतीय राज्य की धर्म निरपेक्षता की विचारधारा विरोधाभासी प्रतीत होती है ।

**कारण (R)** : भारतीय समाज के सांस्कृतिक बहुलता एवं वैविध्य को एक सर्वसामान्य राष्ट्र-राज्य में एकीकृत करने तथा भारत में अँगरेजी शासन के दौरान साम्राज्यवादी 'फूट डालो और शासन करो' तथा मुस्लिम लीग की 'द्वि-राष्ट्र' विचारधारा पर अंकुश लगाने के लिए भारतीय धर्म निरपेक्षता को गढ़ा गया ।

**कूट :**

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (R) सही है, परन्तु (A) गलत है ।

**27.** भारतीय पूँजीवाद के धर्मशाला मॉडल का प्रवर्तन किसने किया ?

(A) दाण्डेकर तथा रथ

(B) अर्जुन सेनगुप्ता

(C) राज कृष्ण

(D) अमर्त्य सेन

**28.** सन् 1963 में नेहरू ने कामराज योजना को शुरू किया :

(A) काँग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धताओं को पुनर्जीवन प्रदान करने के लिए

(B) पार्टी के युवाओं को आकर्षित करने के लिए

(C) पार्टी में उत्तराधिकार की प्रक्रिया की योजना और उसे अमली जामा पहनाने के लिए

(D) पार्टी में लिंग-समानता लाने के लिए

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** Which of the following statements about the Central Vigilance Commissioner is not true ?

(A) The Central Vigilance Commissioner is appointed by the President of India.

(B) The post of Central Vigilance Commissioner is a statutory post.

(C) He holds office for a term of five years.

(D) He is empowered to exercise superintendence over the functioning of CBI.

**30.** Which of the following statements are not true ?

(i) The Election Commission of India has created a Special Election Expenditure Monitoring Division in the Commission.

(ii) The accounts of political parties are audited annually.

(iii) Paid news in connection with elections is an electoral offence.

(iv) Videography of the poll proceedings inside the polling stations is permissible.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i), (iii) and (iv)

(B) (ii), (iii) and (iv)

(C) (i) and (iii)

(D) (ii) and (iii)

**31.** **Assertion (A) :** The arguments of C. Wright Mill's power elites are based on the classical elitist framework.

**Reason (R) :** Elitist formulation is not possible without reference to classical elitism.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

**32.** The theory of "Prismatic Society" is based on

(A) Historical studies of public administration in different societies.

(B) Study of public services in developed and developing countries

(C) Institutional comparison of public administration in developed countries.

(D) Structural-functional analysis of public administration in developing countries.

**33.** Job loading means

(A) Deliberate upgrading of responsibility, scope and challenges.

(B) Shifting of an employee from one job to another.

(C) Making the job more interesting.

(D) All of the above

**29.** निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन केन्द्रिय सतर्कता आयोग के बारे में सही नहीं है ?

(A) केंद्रीय सतर्कता आयोग के आयुक्त की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है ।

(B) केंद्रीय सतर्कता आयोग के आयुक्त का पद सांविधिक पद है ।

(C) उसके पदासीन होने का कार्यकाल पाँच वर्षों का होता है ।

(D) उसे सी बी आई की कार्यकारिता का अधीक्षण करने का अधिकार होता है ।

**30.** निम्नलिखित में से कौन से कथन सही नहीं हैं ?

(i) भारत के निर्वाचन आयोग ने आयोग के अंतर्गत एक विशेष निर्वाचन व्यय परिवीक्षण प्रभाग का गठन किया है ।

(ii) राजनीतिक दलों के हिसाब/खातों का लेखा-परीक्षण प्रतिवर्ष किया जाता है ।

(iii) निर्वाचन से संबंधित भुगतान करके समाचार देना एक निर्वाचकीय अपराध है ।

(iv) पोलिंग स्टेशन के भीतर चल रही मतदान की कार्रवाही की विडियोग्राफी करने की अनुमति होती है ।

नीचे दिए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कोड :**

(A) (i), (iii) तथा (iv)

(B) (ii), (iii) तथा (iv)

(C) (i) तथा (iii)

(D) (ii) तथा (iii)

**31.** **अभिकथन (A)** : शक्ति अभिजन से संबंधित सी. राइट मिल्स के तर्क शास्त्रीय अभिजन सिद्धांत के ढाँचे पर आधारित हैं ।

**कारण (R)** : अभिजनपरक निरूपण करना शास्त्रीय अभिजनवाद के बिना सम्भव नहीं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**32.** "प्रिज्मीय समाज" का सिद्धांत निम्नलिखित में से किस पर आधारित है ?

(A) विभिन्न समाजों में लोक प्रशासन का ऐतिहासिक अध्ययन

(B) विकसित और विकासशील देशों में लोक सेवाओं का अध्ययन

(C) विकसित देशों में लोक प्रशासन की सांस्थानिक तुलना

(D) विकासशील देशों में लोक प्रशासन का संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक विश्लेषण

**33.** जॉब लोडिंग का अर्थ है

(A) उत्तरदायित्व, कार्यक्षेत्र तथा चुनौतियों को जान-बूझकर सोच-समझकर बढ़ाना

(B) किसी कर्मचारी को एक कार्य से हटाकर दूसरे कार्य पर लगाना

(C) कार्य को अधिक रुचिपूर्ण बनाना

(D) उपर्युक्त सभी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

34. Negative motivation is based on
(A) Anxiety
(B) Threat
(C) Money
(D) Fear

35. Simon was positively influenced by the ideas of
(A) L.D. White
(B) Terry
(C) Barnard
(D) Henry Fayol

36. **Assertion (A) :** Classical theory of organisation is based on formal principles.
**Reason (R) :** Classicists lacked behavioural analysis.
(A) (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (R) is true but (A) is false.

37. What is the methodology proposed by Herbert Simon ?
(A) Bounded Rationality
(B) Logical Positivism
(C) Decision making
(D) Satisfying

38. Who among the following thinkers rejected the principles of administration as myths and proverbs ?
(A) Herbert Simon
(B) W.F. Willoughby
(C) L.D. White
(D) Chester Bernard

39. The concept of the "zone of indifference" is associated with
(A) Power
(B) Decision making
(C) Authority
(D) Leadership

40. Name the scholar who analysed leadership as "circular response".
(A) Taylor
(B) Millet
(C) M.P. Follett
(D) C.I. Barnard

41. Non-state dimension of warfare is also called
(A) Westphalian warfare
(B) Post-westphalian warfare
(C) New war
(D) Pre-westphalian warfare

42. Tehran Declaration of 1 December 1943 drew a plan for
(A) Trusteeship
(B) New-membership
(C) Peace-keeping
(D) Conflict resolution

43. Who coined the term "Functionalist theory of Integration" ?
(A) David Mittarany
(B) Ernst Haas
(C) Joseph Nye
(D) Andrew Linklater

Prepp
Your Personal Exams Guide

**34.** नकारात्मक अभिप्रेरण निम्नलिखित में से किस पर आधारित होता है ?

(A) चिंता
(B) खतरा
(C) रुपया-पैसा
(D) भय

**35.** निम्नलिखित में से किसके विचारों से सिमोन सकारात्मक रूप से प्रभावित था ?

(A) एल.डी. व्हाइट
(B) टेरी
(C) बर्नार्ड
(D) हेनरी फैयोल

**36.** **अभिकथन (A)** : संगठन का शास्त्रीय सिद्धांत औपचारिक सिद्धांतों पर आधारित है ।

**कारण (R)** : शास्त्रीय सिद्धांतशास्त्र में व्यवहारपरक विश्लेषण का अभाव था ।

(A) (A) तथा (R) सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) तथा (R) सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (R) सही है, परन्तु (A) गलत है ।

**37.** हर्बर्ट सिमोन द्वारा प्रस्तावित प्रविधि कौन सी है ?

(A) परिसीमित विवेकशीलता
(B) तार्किक प्रत्यक्षवाद
(C) निर्णयन
(D) संतुष्टिकरण

**38.** निम्नलिखित में से किस विचारक ने मिथकों और लोकोक्तियों के रूप में प्रशासन के सिद्धांतों को अस्वीकार किया ?

(A) हर्बर्ट सिमोन
(B) डब्लू.एफ. विलोबी
(C) एल.डी. व्हाइट
(D) चेस्टर बर्नार्ड

**39.** "जोन ऑफ इंडिफरेंस" की संकल्पना का संबंध किससे है ?

(A) शक्ति
(B) निर्णयन
(C) सत्ता
(D) नेतृत्व

**40.** निम्नलिखित में से किस विद्वान ने नेतृत्व को "सर्कुलर रिस्पांस" के रूप में विश्लेषित किया ?

(A) टेलर
(B) मिलेट
(C) एम.पी. फोलेट
(D) सी.आई. बर्नार्ड

**41.** युद्ध के गैर-राजकीय आयाम को यह भी कहते हैं

(A) वेस्टफेलियन युद्ध
(B) उत्तर-वेस्टफेलियन युद्ध
(C) नव-युद्ध
(D) पूर्व-वेस्टफेलियन युद्ध

**42.** 1 दिसंबर 1943 की तेहरान उद्घोषणा में निम्नलिखित में से किसकी योजना बनाई गई थी ?

(A) ट्रस्टीशिप
(B) नवीन-सदस्यता
(C) शांति कायम करना
(D) संघर्ष समाधान

**43.** "फंक्शनल थियरी ऑफ इंटेग्रेशन" पद को गढ़ने वाला कौन है ?

(A) डेविड मित्रेनी
(B) अर्नेस्ट हैस
(C) जोसेफ नाइ
(D) ऐन्ड्रू लिंकलेटर

44. The CEPA (Comprehensive Economic Partnership Agreement) was officially endorsed in October 2010 between
(A) India and Japan
(B) India and China
(C) India and Russia
(D) India and South Korea

45. What is the correct sequence of Morton Kaplan's models of systems analysis ?
(i) Balance of Power
(ii) Loose Bipolarity
(iii) Tight Bipolarity
(iv) Universal International System
**Codes :**
(A) (iv) (iii) (ii) (i)
(B) (iii) (iv) (ii) (i)
(C) (iv) (ii) (iii) (i)
(D) (i) (ii) (iii) (iv)

46. Who wrote the book "Stable Peace" ?
(A) Johan Galtung
(B) Gunnar Myrdal
(C) Kenneth Boulding
(D) Peter Wallerstein

47. Security Council Resolution No. 1441 of Nov 2002 deals with
(A) U.N. involvement in Somalia.
(B) Enforced the no fly zone in Bosnia
(C) Sanctioned intervention at the end of the Gulf War to protect the Kurds in Northern Iraq.
(D) Resolution on Iraq, which threatned serious consequences, if Saddam Hussain failed to reveal his weapons of mass destruction to team of U.N. Inspectors.

48. Who enunciated International society theory as a combination of three schools of thought – Realism, Rationalism and Revolutionism ?
(A) Martin Wight
(B) Kenneth Waltz
(C) Hedley Bull
(D) Raymond Aron

49. **Assertion (A) :** The decisions of the security council are binding, and must only be passed by the majority of nine out of the 15 members, as well as each of the five permanent members.
**Reason (R) :** These five permanent members have veto power over all Security Council decisions.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false but (R) is true.

50. Which of the following are part of Morganthau's realist principles ?
(i) Politics is rooted in a permanent and unchanging human nature.
(ii) Self-interest is a basic fact of the human condition.
(iii) Coercion is only part of foreign policy.
(iv) National interest defined in terms of power.
**Codes :**
(A) All are correct.
(B) (i), (ii) and (iv) are correct.
(C) (i), (iii) and (ii) are correct.
(D) (i), (iii) and (iv) are correct.

prepp
Your Personal Exams Guide

**44.** सी ई पी ए (कंप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप ऐग्रीमेंट) को निम्नलिखित में से किन दो देशों के बीच शासकीय मंजूरी अक्टूबर 2010 में दी गई ?

(A) भारत तथा जापान
(B) भारत तथा चीन
(C) भारत तथा रूस
(D) भारत तथा द.कोरिया

**45.** व्यवस्था विश्लेषण के मार्टन कप्लान के मॉडल्स का सही अनुक्रम क्या है ?

(i) शक्ति का संतुलन
(ii) ढीली द्विध्रुवीयता
(iii) कठोर द्विध्रुवीयता
(iv) सार्वभौमिक अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था

**कोड :**

(A) (iv) (iii) (ii) (i)
(B) (iii) (iv) (ii) (i)
(C) (iv) (ii) (iii) (i)
(D) (i) (ii) (iii) (iv)

**46.** "स्टेबल पीस" नामक पुस्तक के लेखक का नाम बतलाइए :

(A) जोहान गेल्टुंग
(B) गुन्नार मिर्डाल
(C) केनेथ बाउल्डिंग
(D) पीटर वालरस्टीन

**47.** सुरक्षा परिषद् के प्रस्ताव संख्या 1441 (नवम्बर, 2002) का संबंध किससे है ?

(A) सोमालिया में यू.एन. की संलिप्तता
(B) बोस्निया में उड़ान निषिद्ध क्षेत्र लागू करना ।
(C) उत्तरी ईराक में कुर्दों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए खाड़ी युद्ध की समाप्ति पर हस्तक्षेप का अनुमोदन
(D) ईराक पर प्रस्ताव, जिसमें यह कहा गया था कि यदि सद्दाम हुसैन यू.एन. निरीक्षक दल को अपने जन-संहारक हथियारों का ब्योरा नहीं देते तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे ।

**48.** तीन विचारधाराओं - यथार्थवाद, तर्कबुद्धिवाद तथा क्रांतिवाद - के संयोजन के रूप में अंतर्राष्ट्रीय समाज सिद्धांत का प्रवर्तन किसने किया ?

(A) मार्टिन वाइट
(B) केनेथ वाल्ट्ज
(C) हेडली बुल
(D) रेमण्ड एरोन

**49.** **अभिकथन (A)** : सुरक्षा परिषद के निर्णय बाध्यकारी होते हैं, तथा उन्हें 15 में से नौ सदस्यों के बहुमत और साथ ही पाँच स्थायी सदस्यों में से प्रत्येक के द्वारा पारित करना ही पड़ता है ।

**कारण (R)** : इन पाँच स्थायी सदस्यों को सुरक्षा परिषद के समस्त निर्णयों के ऊपर वीटो-पावर होता है ।

**कोड :**

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**50.** निम्नलिखित में से कौन-कौन से सिद्धांत मार्गेन्थू द्वारा प्रतिपादित यथार्थवादी सिद्धांतों के अंतर्गत आते हैं ?

(i) स्थायी और अपरिवर्तनीय मानव-प्रकृति की मूल में राजनीति स्थित होती है ।
(ii) मानव-अस्तित्व में स्व-हित आधारभूत तत्त्व है ।
(iii) बल प्रयोग केवल विदेश नीति का अंग है ।
(iv) राष्ट्रीय हित को शक्ति के रूप में परिभाषित किया जाता है ।

**कोड :**

(A) सभी सही हैं ।
(B) (i), (ii) तथा (iv) सही हैं ।
(C) (i), (iii) तथा (ii) सही हैं ।
(D) (i), (iii) तथा (iv) सही हैं ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**